हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

11 भगवान श्रीराम की लीला हमें सदमार्ग पर चलने की देती है सीख



12 20 दिन से स्कूल बस बंद, पांच किमी तक पैदल जाने को मजबूर विद्यार्थी





महेंद्रगढ़ शहरवासियों को मिलेगा शुद्ध व ठंडा पेयजल

महेंद्रगढ़। शहरवासियों को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ, शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाने की दिशा में नगर पालिका द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। नगर पालिका की ओर से शहर के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर फड युक्त 25 आधुनिक वॉटर कूलर लगाए जाएंगे। इन वाटर कूलरों को ऐसे स्थानों पर स्थापित किया जाएगा, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन का आवागमन रहता है, ताकि गर्मी के मौसम सहित पूरे वर्ष नागरिकों, राहगीरों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों को आसानी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

बाजरे के वजन पर भिड़े किसान और गेट कर्मचारी, मारपीट में फाड़ी शर्ट

गेट पर वजन को लेकर शुरू हुआ विवाद कार्यालय तक पहुंचा, पुलिस की मौजूदगी में भी हुआ हंगामा, शाम को किसान ने सार्वजनिक रूप से मांगी माफी

राजकुमार ▶▶| नारनौल







नारनौल। वह कर्मचारी कर्णसिंह, जिससे मारपीट की और शर्ट फाड़ी व मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में पुलिस मौजूदगी में हंगामा करते किसान किसान का पक्ष सुनते चेयरमैन बाबूलाल यादव। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी में बाजरे के वजन को लेकर गुरुवार दोपहर किसान और गेट कर्मचारी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई हो गई। गेट कर्मचारी का आरोप है कि किसान ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी शर्ट फाड़ दी। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने किसान को पकड़कर मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचाया, जहां भी कुछ देर तक हंगामा होता रहा। बाद में मामले में लोगों की पहल पर किसान ने मंडी गेट पर सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली। इसके बाद मार्केट कमेटी ने उसे दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत देते हुए मामला शांत कर दिया।

जानकारी के अनुसार बाजरे की खरीद शुरू होने के बाद इन दिनों अनाज मंडी में किसानों की आवक बढ़ी हुई है। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे काफी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और पिकअप में बाजरा लेकर मंडी गेट पर प्रवेश की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान गांव छापड़ा निवासी किसान जगमोहन भी बाजरे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गेट पर पहुंचा। गेट पास बनाने के दौरान डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्णसिंह ने किसान से बाजरे की मात्रा पूछी। किसान ने करीब 40 क्विंटल बाजरा बताया। कर्मचारी के अनुसार ट्रॉली में लदे कट्टों की संख्या के आधार पर वजन करीब 30 क्विंटल ही बन रहा था। इस पर गेट पास में 30 क्विंटल बाजरा दर्ज किया गया। किसान ने 40 क्विंटल दर्ज करने की बात कही, जिस पर कर्मचारी ने कहा कि यदि 40 क्विंटल दर्ज करवाना है तो पहले बाहर कांटे पर वजन करवाकर उसकी पर्ची लानी होगी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी बढ़ने पर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। गेट कर्मचारी कर्णसिंह का आरोप है कि किसान जगमोहन ने उसके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और गिरेबान पकड़कर उसकी शर्ट फाड़ दी। इस दौरान गेट पर ड्यूटी कर रहे करीब चार पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। हंगामा बढ़ता देख पुलिसकर्मियों ने किसान को पकड़ लिया और उसे मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय ले गए।

शाम को समझौता

शाम को लोगों की पहल पर किसान जगमोहन ने मंडी गेट पर सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली। मार्केट कमेटी सचिव नुकुल यादव ने बताया कि किसान ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती पर माफी मांग ली है। उसे भविष्य में इस तरह का व्यवहार नहीं करने की हिदायत देते हुए मामला समाप्त कर दिया गया है।

दोनों पक्षों से ली घटना की जानकारी

बताया गया है कि कार्यालय में भी कुछ समय तक पुलिस की मौजूदगी में हंगामा होता रहा। मामले की सूचना मिलने पर मार्केट कमेटी सचिव नुकुल यादव और चेयरमैन बाबूलाल यादव भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से घटनाक्रम की जानकारी ली। सचिव ने कहा कि गेट पर तैनात कर्मचारी किसानों की सुविधा के लिए काम कर रहे हैं और उनके साथ मारपीट किसी भी सूरत में उचित नहीं है और न ही इसे बर्दाश्त किया जाएगा। वह पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने तथा शराबी किसान का मेडिकल कराइस दौरान किसान के पिता सहित कुछ अन्य किसान भी कार्यालय में मौजूद थे। सचिव के अनुसार, वहां मौजूद एक व्यक्ति के शराब के नशे में होने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने की बात सामने आने पर उसका मोबाइल ले लिया गया तथा उसका मेडिकल तथा एफआईआर करवाने की बात कही गई। चेयरमैन बाबूलाल यादव ने भी किसान को भविष्य में इस तरह का व्यवहार नहीं करने की हिदायत दी। इसी बीच एसडीएम गुरविंद्र सिंह मंडी के निरीक्षण के लिए पहुंच गए। अधिकारी के निरीक्षण में व्यस्त होने के दौरान किसान को सचिव कार्यालय में बैठाए जाने की बात मंडी में फैल गई। इसके बाद छापड़ा के रहने वाले कुछ व्यापारियों और अन्य लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाने की पहल शुरू कर दी।

हैफेड की सरकारी खरीद को किसानों ने किया नजरअंदाज,12,600 क्विंटल की आवक

बाजरा 2414 रुपये तक चढ़ा, भावांतर जोड़कर किसानों को 3014 रुपये का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। अनाज मंडी में बाजरा लेकर पहुंचे किसान व निरीक्षण करते एसडीएम गुरविंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी में गुरुवार का दिन बाजरा उत्पादक किसानों के लिए राहत भरा रहा। पिछले दिनों 2300 रुपये के आसपास चल रहा बाजरा गुरुवार को 2414 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। मंडी में बाजरे की ढेरियां 2340 से 2414 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिकीं। ऐसे में 2414 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बाजरा बेचने वाले किसानों को करीब 600 रुपये का भावांतर भी मिलेगा। भावांतर की राशि जोड़ने पर किसानों को बाजरे का प्रभावी भाव करीब 3014 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचने की उम्मीद है। बेहतर भाव मिलने के कारण किसानों ने सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड को बाजरा बेचने के बजाय व्यापारियों को बेचना पसंद किया।

गुरुवार को अनाज मंडी में पिछले एक सप्ताह के मुकाबले बाजरे की रिकॉर्ड आवक हुई। चेयरमैन बाबूलाल यादव ने बताया कि शाम करीब सवा पांच बजे तक मंडी में 485 गेटपास काटे जा चुके थे, जबकि बाजरे की कुल आवक करीब 12,600 क्विंटल दर्ज की गई। इनमें से करीब 3200 क्विंटल बाजरा व्यापारियों ने खरीदा। सुबह से ही किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और पिकअप आदि वाहनों में बाजरा लेकर मंडी पहुंचते रहे। हालांकि अधिक आवक के बीच किसानों को मंडी गेट पर कई तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। कई किसानों के बाजरे का ई-खरीद पोर्टल पर सत्यापन नहीं होने के कारण गेटपास नहीं कट पाए। कुछ वाहनों पर नंबर दर्ज नहीं होने के कारण किसानों को वाहन पर नंबर लिखवाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। गेट पर पहले वाहन प्रवेश करवाने को लेकर भी कई बार किसानों के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही।

एसडीएम ने जानी खरीद की स्थिति

दोपहर में एसडीएम गुरविंद्र सिंह मंडी पहुंचे और खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बाजरे की ढेरियों पर पहुंचकर खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने एक फर्म पर पहुंचकर उसका रिकॉर्ड भी जांचा। किसानों ने एसडीएम के समक्ष मांग रखी कि गेटपास कटने के बाद खरीद से संबंधित संदेश केवल व्यापारी के पास ही नहीं, बल्कि किसान के मोबाइल पर भी भेजा जाए, ताकि किसान को अपनी फसल की बिक्री और भुगतान संबंधी जानकारी सीधे मिल सके।

40 क्विंटल खरीद का प्रावधान

मार्केट कमेटी सचिव नुकुल यादव ने बताया कि गेटपास और संदेश से संबंधित व्यवस्था नारनौल से नहीं, बल्कि सीधे मुख्यालय स्तर से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि एक किसान से एक दिन में अधिकतम 40 क्विंटल बाजरा खरीदने का प्रावधान है। किसानों को पंजीकृत वाहनों में ही बाजरा लेकर मंडी में पहुंचना है। हैफेड के मैनेजर डा. योगेश शेखावत ने बताया कि किसानों को ज्यादा भाव मिलने से वे सरकारी एजेंसी को बाजरा नहीं बेच रहे।

फसल पंजीकरण नहीं होने से भड़के किसानों ने एसडीएम कार्यालय पर जड़ा ताला, दिया धरना



नांगल चौधरी। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसलों का पंजीकरण नहीं होने से आक्रोशित किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया। इसके बाद धरना शुरू कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि तीन दिन से दस्तावेज लेकर कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। उल्टे कर्मचारियों ने आवेदन लेने से भी इनकार कर दिया। मौके पर पहुंची तहसीलदार ने उच्चाधिकारियों से संपर्क करके समाधान निकालने का आश्वासन दिया, जिससे संतुष्ट किसानों ने धरना समाप्त करने पर सहमति दी है।

कनीना मंडी में बाजरे की आवक तेज, किसान कर रहे सरकारी खरीद का इंतजार

कनीना। अनाज मंडी में खरीफ विपणन सत्र के तहत नए बाजरे की आवक में लगातार तेजी आ रही है। बाजरे से लदे वाहन मंडी गेट पर कतारबद्ध खड़े हैं, लेकिन सरकारी खरीद न होने से किसान परेशान हैं। चेलावास अनाज मंडी में वीरवार को को बाजरे की प्राइवेट खरीद की गई, जहां किसानों को 2250 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिला। हालांकि मंडी में पिछले दिनों शुरूआत के दौरान बोली 2100 से 2225 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज की गई थी, लेकिन अब भाव में सुधार के बाद भी किसान पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। अनाज मंडी में किसानों की गहमागहमी भरी बनी हुई है। दूसरी ओर एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने मंडी का दौरा कर खरीद एजेंसी हैफेड के खरीद अधिकारी जतिन कुमार से बात की तथा खरीद शुरू करवाने को कहा।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते नवनिर्वाचित सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सीयूएच में एबीविपी ने 34 में से 33 विभागों में जीत की दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित विभागीय प्रतिनिधि चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 34 विभागों में से 33 विभागों में जीत दर्ज की है। इसके साथ ही आंतरिक शिकायत समिति सहित सभी समितियों में भी अभाविप प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद अभाविप कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन की ओर से सभी नवनिर्वाचित विभागीय प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामना दी गईं।

हर्केवि में पिछले कई वर्षों से लगातार अपनी जीत दर्ज कर रही है। इस बार भी संगठन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की है। यह परिणाम विद्यार्थियों के बीच संगठन के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

यह विश्वास की जीत

अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तृप्ति सैनी ने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह जीत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय विद्यार्थियों के बीच रहने वाला कार्यकर्ता नहीं होता, बल्कि पूरे वर्ष विद्यार्थियों की समस्याओं, आवश्यकताओं और हितों के लिए परिसर में सक्रिय रहकर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि यह जीत विश्वविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी की जीत है। अभाविप का कार्यकर्ता विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझकर सदैव उनके साथ खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि जो संगठन चुनाव से पहले ही अपनी हार मान चुके थे व कार्यकर्ताओं को बदनाम करने का प्रयास कर रहे थे, उन्हें विद्यार्थियों ने अपने विश्वास के माध्यम से जवाब दिया है।

एसआईआर नोटिस मामलों के निपटारे पर फोकस, एक दिन में 1817 सुनवाई

नारनौल। जिले में एसआईआर के तहत जारी नोटिसों और उनसे जुड़े सुनवाई मामलों के समयबद्ध निस्तारण को प्रशासन ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा है। कोई भी योग्य मतदाता न छूटे, इस संकल्प के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय सुनवाई प्रक्रिया को लगातार गति दे रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली ने बताया कि सात अक्टूबर को जिले में लगाए गए विशेष शिविर में 1817 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। उन्होंने नोटिस प्राप्त करने वाले सभी मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित तिथि पर सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक कुल 123415 नोटिस जनरेट किए गए हैं, जिनमें से 1817 सुनवाई मामले लंबित हैं।

■ विशेष शिविर में 1817 लंबित मामलों की सुनवाई की

नारनौल और दादरी की संयुक्त टीम ने सतनाली में की कार्रवाई, 162 किलो संदिग्ध घी किया जब्त

नारनौल। आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सतनाली क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी एवं निरीक्षण कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई डेजिग्नेटेड ऑफिसर डॉ. पुनीत शर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार नारनौल तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. रविंद्र डाबास चरखी दादरी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच के दौरान लगभग 162 किलोग्राम संदिग्ध/अमानक गुणवत्ता का घी जब्त किया गया। जब्त घी के विधि सम्मत नमूने लेकर अधिकृत खाद्य प्रयोगशाला में आगे की जांच एवं विश्लेषण के लिए भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, उचित भंडारण एवं लेबलिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जब्त घी के विधि सम्मत नमूने लेकर अधिकृत खाद्य प्रयोगशाला में आगे की जांच एवं विश्लेषण के लिए गए भेजे



नारनौल। निरीक्षण करती विभाग की टीम।

केबल चोरी मामला: आरोपियों से 100 फीट केबल और 3500 रुपये बरामद

नारनौल। थाना अटेली पुलिस ने केबल चोरी के मामले में दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपितों की पहचान धोनी निवासी ऊंची भंडोर तथा राकेश निवासी जसावास.के रूप में हुई है। रिमांड के दौरान पुलिस ने 100 फुट केबल और चोरी की केबल बेचने से प्राप्त राशि में से 3500 रुपये बरामद किए हैं। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि गांव सिलारपुर निवासी रामचन्द्र ने थाना अटेली में शिकायत दी थी कि 20 सितंबर की सुबह खेत में पहुंचने पर ट्यूबवेल की लगभग 350 फुट केबल चोरी मिली। बाद में पता चला कि गांव के दो अन्य ट्यूबवेलों से भी लगभग 300 फुट और 200 फुट केबल चोरी हुई थी।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

समाधान शिविर में 1 घंटा 41 मिनट देरी से पहुंचीं डीसी, लोगों को करना पड़ा इंतजार

■ सुबह 10 बजे शिविर में पहुंच गए थे नागरिक, झेली परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीएम के आदेशों की पालना पर उठे सवाल

लोगों ने मांग की कि महेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय मिलने तक वरिष्ठ अधिकारियों को सप्ताह में एक पूरा दिन सुबह से शाम तक यहां बैठाया जाए। सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं रामनिवास पाटोदा, बाबूलाल, रामफल, अजीत, अशोक, बलवान तथा संजय ने मुख्यमंत्री से शिविर का समय एक घंटा बढ़ाने और जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। ग्रामीण हरियाणा रोडवेज से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंचे तो वहां विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। एसडीएम ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से तुरंत स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिया। ग्रामीणों ने कहा कि इससे मुख्यमंत्री के आदेशों के पालन पर सवाल उठते हैं।

लघु सचिवालय सभागार में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला उपायुक्त के देर से पहुंचने के कारण दूर-दराज से आए लोगों को परेशानी हुई। छोटे बच्चों के साथ पहुंची महिलाओं और बुजुर्गों को अपनी शिकायतें रखने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि एसडीएम ने कुछ शिकायतों का निपटारा जल्दबाजी में किया। समाधान शिविर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाता है, ताकि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों को शिकायतें के लिए मुख्यालय नारनौल न जाना पड़े। वीरवार को भी लोग सुबह 10 बजे तक शिकायतें लेकर पहुंच गए थे। डीसी और अन्य अधिकारियों के नहीं आने पर वे परेशान हुए। लोगों ने बताया कि पहले भी कई बार वरिष्ठ अधिकारी शिविर में नहीं पहुंचे और शिकायतें सुनने के लिए निचले स्तर के अधिकारी को लगाया गया। बजिला उपायुक्त लगभग 11.41 बजे शिविर में पहुंचीं और दोपहर 12 बजे तक शिकायतें सुनीं। इस तरह उन्होंने करीब 20 मिनट ही लोगों की समस्याएं सुनीं। उपस्थित लोगों का कहना था कि महेंद्रगढ़ में वरिष्ठ अधिकारी सप्ताह में एक दिन भी पूरा समय शिकायतें सुनने नहीं आते और कुछ घंटे ही उपलब्ध रहते हैं।

कम काम वाले कर्मचारियों की बनेगी सूची, मुख्य सचिव कार्यालय ने मांगी रिपोर्ट

एसआईआर, सर्वे, राशन वितरण, अन्य विविध कार्यों में नहीं लगेगी शिक्षकों की ड्यूटी

स्कूलों में सुधरेगा पढ़ाई का स्तर, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त होंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और शिक्षकों को पूरी तरह अध्यापन कार्य से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अब मतदाता सूची पुनरीक्षण, सर्वे, राशन वितरण या अन्य विविध कार्यों में नहीं लगाया जाएगा। इसके स्थान पर सरकार राज्य के अन्य विभिन्न विभागों में तैनात उन कर्मचारियों की पहचान कर रही है जिनके पास कार्यभार कम है या जिनके पद पूर्णकालिक प्रकृति के नहीं हैं। ऐसे कर्मचारियों की सेवाएं भविष्य में गैर-शैक्षणिक व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए ली जाएंगी।

मुख्य सचिव कार्यालय के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में राज्य के सभी प्रशासनिक सचिवों को एक अति-महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। शासकीय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री के ध्यान में यह विषय आया था कि पक्के कर्मचारियों, विशेषकर शैक्षणिक कर्मचारियों को उनकी नियमित जिम्मेदारियों से हटाकर अक्सर अन्य गैर-शैक्षणिक ड्यूटी में लगा दिया जाता है। इस परिपाटी के कारण शिक्षकों के दैनिक प्रदर्शन के साथ-साथ स्कूलों के सामान्य संचालन और छात्रों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा था। सरकार का मानना है कि शिक्षकों का प्राथमिक दायित्व केवल कक्षा में पढ़ाना और अकादमिक गतिविधियों को मजबूत करना है।

विभाग में कर्मियों की क्षमताओं का नहीं हो रहा उपयोग

प्रशासनिक सुधार की इस नई योजना के तहत सरकार अब ऐसे विभागों और श्रेणियों का ब्यौरा जुटा रही है जहां कर्मचारियों की क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिन पदों पर कार्य स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं हैं, उन कर्मचारियों को चिन्हित कर अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इससे जहाँ एक तरफ शिक्षकों को राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर सरकारी तंत्र के उपलब्ध संसाधनों का भी समुचित उपयोग संभव हो सकेगा। इस व्यवस्था को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए मुख्य सचिव कार्यालय ने कड़ी समय-सीमा निर्धारित की है। सभी प्रशासनिक सचिवों को अपने-अपने नियंत्रण वाले विभागों से ऐसे कर्मचारियों और श्रेणियों की सूची तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सचिवों को यह स्पष्ट करना होगा कि किन कर्मचारियों को इन कार्यों के लिए आंशिक अथवा पूर्ण रूप से मुक्त किया जा सकता है। प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी, जिसमें नए प्रतिनियुक्ति मॉडल को अंतिम रूप दिया जाएगा।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'


अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

श्रीराम के जयघोष के साथ अनाज मंडी में रामलीला का मंचन शुरू

भगवान श्रीराम की लीला हमें सदमार्ग पर चलने की देती है सीख : रामकिशोर

- लीला में भगवान शंकर ने रावण का घमंड दूर किया और उसे चंद्रहास नामक तलवार दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। रामलीला मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

शहर की अनाज मंडी स्थित भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से श्री कृष्णा ड्रामेटिक क्लब अनाज मंडी के मंच पर प्रथम दिन प्रेमचंद शास्त्री ने प्रातः ड्राफ्ट पूजन व गणेश पूजन रामलीला कमेटी के स्थान संयोजक अनुप भाटा तथा उनकी पत्नी, बिशन दयाल सैनी व उनकी पत्नी से करवाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेन्द्र पंडित खटोटी ने सरस्वती मां के चित्र के सामने दीपक प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि रामकिशोर अग्रवाल, दर्शन कुमार ने रिबन काटकर भगवान की लीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला हमें सदमार्ग पर चलने की सीख देती है। उन्होंने उपस्थित जनों से भगवान राम के आदर्शों को जीवन मे उतारने का आह्वान किया। सचिव मनोज निर्मल ने बताया कि मंच संचालन भारत भूषण तायल ने किया। रामलीला प्रभारी दयानंद सैनी मंत्री, प्रधान रवि गर्ग, रामलीला संरक्षक वासुदेव सिंघल, वेदप्रकाश सैनी ने बताया कि प्रथम दिन शिव तलहटी, शिव पार्वती संवाद, रावण वेदवती संवाद, श्रवण कुमार की लीला का मंचन किया गया। इसमें शिव-नवीन सिंघल, पार्वती- अरविंद सैनी, मारिच-जगदीश बिल्ला, नन्दी-मनोज तायल, वेदवती-मनोज निर्मल, श्रवण कुमार-डॉ. ओमप्रकाश सैनी, माता-वासुदेव सिंघल, पिता-जगदीश बिल्ला, दशरथ-अरविंद गर्ग, रावण-नरेश तायल अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। लीला में भगवान शंकर ने रावण का घमंड दूर किया और उसे चंद्रहास नामक तलवार दी। जब रावण वेदवती को उठाने की कोशिश करता है, तो वेदवती रावण को श्राप देती है कि मैं अगले जन्म में सीता रूप में जन्म लूंगी और तेरी मौत का कारण बनूंगी।

यह रहे मौजूद

इस मौके पर विजय जैन,नवीन सिंघल, मनोज निर्मल, संरक्षक वेदप्रकाश सैनी, सोनू शर्मा, अरविंद सैनी, सतीश बेदी, ध्रुव वर्मा, अभिषेक, विकास कटारिया सोनी, धर्मवीर, कनिष्क कोहली, जोगिंद्र शर्मा, होशियार देवीलाल, भगतजी, विकास बड़ेसरा आदि मौजूद थे।

अटेली में रामलीला के दूसरे दिन रावण जन्म लीला का मंचन

मंडी अटेली। अटेली मंडी के झंडा चौक श्री शिव रामलीला समिति की ओर से चल रही रामलीला के दूसरे दिन रावण जन्म लीला का मंचन हुआ। रावण का रोल पवन शास्त्री व कुंभकर्ण का रोल मुकेश गर्ग तथा विभीषण का रोल सुनील एडवोकेट ने किया। रामलीला मंचन में लंका में रावण, कुंभकर्ण, विभीषण का जन्म हुआ और इसके बाद तीनों भाइयों ने घोर तपस्या की। इस पर प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने दर्शन दिए। तीनों भाइयों ने इच्छानुसार वर मांगा। इसके पूर्व प्रभु ने कुंभकर्ण की नियत को समझकर मां सरस्वती को कुंभकर्ण की मति घुमाने को कहा। इसके बाद कुंभकर्ण ने इंद्रासन की जगह निद्रासन मांग ली। इसे सुनकर रावण अत्यन्त दुखी हुआ और प्रभु से कुंभकर्ण द्वारा मांगे गए वरदानों में राहत देने का निवेदन किया।इस पर छह महीने में एक दिन जागने का प्रभु ने वरदान देकर रावण की विनती को स्वीकार



किया। दूसरी तरफ राजा मनु अपनी पत्नि सतरूपा के साथ जंगल में घोर तपस्या की गई। रावण ने दिग्विजय प्राप्त करने के लिए ऋषि मुनियों के साथ इंद्रदेव को भी बंदी बना लिया। इस मौके पर सुरेश गुप्ता, पिंकू शर्मा, धर्मेंद्र वशिष्ठ, गौरव गर्ग के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

रामलीला मंचन से पहले विधिवत गणेश पूजन



महेंद्रगढ़। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर रामलीला मंचन से पहले भगवान गणेश का विधिवत संगीतमय पूजन किया गया। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित पूजन में मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत के बीच विघ्नहर्ता गणेश की आराधना कर रामलीला के सफल आयोजन की कामना की गई। पूजन कार्यक्रम में पंडित हरिशंकर कौशिक और पंडित शुभम तिवारी ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। कमेटी प्रधान सुरेंद्र बंटी यजमान के रूप में शामिल रहे। इस दौरान कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण सैनी, मनोहर लाल यादव, प्रो. हरिसिंह यादव, ललित एडवोकेट, जोगेंद्र सेठ, प्रकाश सैनी, भगवान सैनी, सुरेश गोस्वामी, दलीप गोस्वामी, राजेश लावणियां समेत सभी पदाधिकारी व कलाकारों ने उपस्थित होकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। कमेटी के सदस्यों ने प्रभु श्रीराम की लीलाओं के सफल मंचन और आयोजन की निर्विघ्न पूर्णता की प्रार्थना की।



मंडी अटेली। पूर्व मंत्री अभय सिंह का धन्यवाद करते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

कृष्णावती नदी में पानी पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांवों में कृष्णावती नदी का पानी पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। वीरवार को अटेली हल्के के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कृष्णावती नदी में पानी पहुंचने पर पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि नदी में पानी आने से क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों के अनुसार कृष्णावती नदी में पानी पहुंचने से आसपास के गांवों के जलस्रोतों पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। नदी में पानी आने से कुओं का जलस्तर बढ़ने की उम्मीद है, जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या में भी राहत मिलने की संभावना है। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. अभय सिंह यादव की सकारात्मक सोच और प्रयासों के कारण नदी में पानी पहुंचा है। इससे अटेली क्षेत्र के गांव राता, मोहल्ड़ा, गोमला, गोमली, खैरानी, मोड़ी, मानपुर सहित अनेक गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि पानी किसी भी क्षेत्र के लिए जीवन का आधार है और कृष्णावती नदी में पानी आने से क्षेत्र के किसानों तथा आम ग्रामीणों को बड़ी उम्मीद बंधी है। इस मौके पर जिला पार्षद मुन्नी पाल, सरपंच मिंटू, सरपंच प्रतिनिधि रामनिवास, सहीराम राता, सरपंच प्रतिनिधि बेदु, गजराज सिंह, बजरंग सिंह, विक्रम खैरानी, राकेश गोमला, श्रवण गोमला, कुलदीप आदि ने पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांवों तक पानी पहुंचा है।

पानी का बढ़ेगा स्तर

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नदी में पानी आने से आने वाले समय में गांवों के कुओं में पानी का स्तर बढ़ेगा और किसानों को फसल के लिए सिंचाई का पर्याप्त पानी मिल सकेगा। ग्रामीणों ने कहा कि कृष्णावती नदी में पानी पहुंचना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे गांवों में पेयजल की स्थिति में भी सुधार होगा।

दुबलाना स्कूल में जागरूकता शिविर

- पेयजल को दुषित होने से बचाने के लिए नलों पर टोंटी लगाना व नल कनेक्शन को गंदे पानी की नालियों से दूर रखना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। जल गुणवत्ता विषय पर जागरूकता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता संगठन की ओर से राजकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय दुबलाना में जल जागरूकता एवं जल गुणवत्ता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक हरपाल सिंह द्वारा कि गई। खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने विद्यार्थियों को जल जीवन मिशन और शुद्ध पेयजल के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूषित पानी के सेवन से हैजा, डायरिया सहित कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि पेयजल को दूषित होने से बचाने के लिए नलों पर टोंटी लगाना तथा नल कनेक्शन को गंदे पानी की नालियों से दूर रखना जरूरी है।इस दौरान पेयजल के नमूनों की जांच भी की गई। पानी में टीडीएस, पीएच मान और रेजिड्यूअल क्लोरीन की जांच कर विद्यार्थियों को जल गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में मुख्य अध्यापक हरपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सीजेएम ने ली पैनल अधिवक्ताओं की बैठक

नारनौल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स की बैठक ली। बैठक के दौरान सचिव नीलम कुमारी ने आमजन तक त्वरित एवं मुफ्त कानूनी सहायता पहुंचाने और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों व नालसा की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कई मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अजमल बेग मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत दहेज प्रथा के खिलाफ व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। आमजन को दहेज निषेध अधिकारियों के संपर्क विवरण की जानकारी दी जाए, ताकि इस सामाजिक बुराई के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने 21 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली एनआई एक्ट (चेक बाउंस) मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिवक्ताओं एवं पीएलवी को निर्देश दिए गए कि वे पक्षकारों को प्री-काउंसलिंग के माध्यम से आपसी सहमति से मामले निपटाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने 12 दिसंबर को होने वाली लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक मामलों को चिह्नित करने पर जोर दिया गया।



सीजेएम ने पॉक्सो एक्ट पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विद्यार्थियों को कानून व सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। सीजेएम नीलम कुमारी ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट के प्रावधानों के बारे में सरल और सुलभ भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि यह कानून बच्चों को किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न व शोषण से सुरक्षा प्रदान करता है। बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क करते हुए 'गुड टच' और 'बैड टच' के अंतर को विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि यदि कोई भी व्यक्ति उनके साथ अनुचित व्यवहार करे, तो वे बिना डरे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया।



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

उन्होंने किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति, बाल श्रम, उत्पीड़न या सहायता की आवश्यकता पड़ने पर बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन (01282-250322) का उपयोग करने की जानकारी दी। विद्यार्थियों को नशा मुक्ति तथा बाल विवाह निषेध की शपथ भी दिलाई।

खबर संक्षेप

आज कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर जींद में जोन स्तरीय कार्यक्रम

मंडी अटेली। बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के जोन नंबर एक, दो एवं तीन के तत्वावधान में बसपा पार्टी के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर आज 9 अक्टूबर को जींद में बसपा जोन स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम आज सुबह 10 बजे सफीदों रोड स्थित दीप पैलेस में होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं सेक्टर नंबर एक के प्रभारी रामजी गौतम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर करेंगे।

हंसराज चौहान बने भलाई संगठन के प्रवक्ता

नारनौल। खेड़ी (कांटी) गांव निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता हंसराज सिंह चौहान को प्रजा भलाई संगठन महेन्द्रगढ़ जिला शाखा का प्रवक्ता नियुक्त किया है। संगठन सुप्रीमो नेताजी अतरलाल ने इस आशय का नियुक्ति पत्र हंसराज सिंह को सौंपा। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं तथा उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। हंसराज सिंह ने अपनी नियुक्ति के लिए सुप्रीमो अतरलाल और संगठन के वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वह पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से निभाएंगे।

रमेश राव पायलट को अमेरिकन विवि ने दी मानद डॉक्टरेट उपाधि

- 2007 में भारत-चीन सीमा पर रेजांगला के शहीदों को नमन करने वाले पहले जत्थे के थे सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय वाशिंगटन डिजिटल यूनिवर्सिटी द्वारा रमेश राव पायलट को उनके पिछले 21 वर्षों के सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें 10 अक्टूबर को नोएडा के पांच सितारा होटल में मानद डॉक्टरेट उपाधि से नवाजा जाएगा। अनेक पुस्तकों के लेखक पायलट कानून के पीएचडी स्कॉलर है। 2005 में एक साप्ताहिक अखबार की संस्थापक संपादक, मलिक के रूप में शुरुआत करने वाले पायलट 2007 में भारत चीन सीमा पर जाकर रेजांगला के उन महान शहीदों को नमन करने वाले पहले सिविलियन जत्थे के सदस्य थे एवं उनकी शहादत माटी कलश को लाकर इंडिया गेट से रेजांगला शहादत शौर्य यात्रा हर शहीद के गांव तक लेकर गए।

पिछले 21 वर्षों से अहीर रेजिमेंट में कार्यरत



हरियाणा यादव महासभा के वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर जहां अहीर रेजिमेंट के लिए पिछले 21 वर्षों से संघर्षरत है, वही वह ओबीसी हकों के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ चुके हैं। 2016 में हरियाणा में हुए आरक्षण आंदोलन की आड़ में हरियाणा को जलाने वालों का पर्दाफाश करने वाले जस्टिस झा कमीशन में पहले शिकायतकर्ता एवं एडवोकेट के रूप में उन्होंने एक लंबी लड़ाई लड़ी है। 2022 में वह दोबारा रेजांगला से शहादत माटी लाकर बिहार प्रदेश से शुरू कर पूरे देश में रेजांगला यात्रा चलवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य शिविर में 50 छात्राओं की आंख जांची, दिया परामर्श

नारनौल। पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप सिविल सर्जन डॉ. पंकज यादव के निर्देशानुसार तथा डीईआईसी मैनेजर डॉ. दीपक कौशिक के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य शिविर में ऑप्टोमेट्रिस्ट सतीश ने 50 छात्राओं की आंखों की जांच की। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। आंखों की जांच के पश्चात सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित किया।



नारनौल। रिफ्रेशमेंट के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की योजनाओं पर दी जानकारी

नारनौल। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में गतदिवस खानपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक वंदना यादव ने गोद भराई की रस्म संपन्न करवाई और उन्हें उत्तम स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वंदना यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जनकल्याणकारी प्राथमिकताओं और योजनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या संकट से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई महिला घरेलू हिंसा, दहेज

ऑटो चालकों ने पुलिस पर लगाए परेशान के आरोप

नारनौल। शहर में ई-रिक्शा व ऑटो चालकों ने पुलिस व होमगार्ड जवानों पर परेशान करने और बदले की कार्रवाई करने के आरोप लगाए हैं। इसी मामले को लेकर ई-रिक्शा चालक मनोज शर्मा और सिटी ऑटो सर्विस के प्रधान अमित चौहान ने एसएचओ को शिकायत दी। चालकों ने आरोप लगाया कि सीएम विंडो पर शिकायत देने के बाद पिछले दो दिनों से ऑटो चालकों के ज्यादा चालान किए जा रहे हैं और चलती ई-रिक्शा की चाबी निकाली जा रही है। मनोज शर्मा ने बताया कि तीन अक्टूबर को वह अपनी भतीजी को परीक्षा दिलाने के लिए ई-रिक्शा से लेकर जा रहा था। महावीर चौक पर पुलिसकर्मी ने उसकी ई-रिक्शा की चाबी निकाल ली। उसने पुलिसकर्मी से चाबी नहीं निकालने या फिर वाहन को इंपाउंड करने अथवा चालान करने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद चाबी दूसरे होमगार्ड कर्मचारी साहिल को दे दी गई और उसे करीब पौने घंटे तक खड़ा रखा गया।

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल वैश्य समाज का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

चित्रकला प्रतियोगिता में हिया जिंदल रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल सभा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित प्रतिभागियों की चित्रकला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अरुण गुप्ता नूनीवाला रहे। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहित जिंदल ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मेघा मित्तल, एडवोकेट पूजा जैन, मीनाक्षी शर्मा शामिल रही। प्रतियोगिता के ग्रुप 11 वर्ष से 18 वर्ष में हिया जिंदल प्रथम, प्रणव चौधरी द्वितीय, अंजली गर्ग तृतीय, ग्रुप 19 वर्ष से 45 वर्ष में प्रीति प्रथम, सीमा गुप्ता, उमा देवी तृतीय रही। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को युवाओं तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के रचनात्मक आयोजन बहुत जरूरी हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल समाज में जागरूकता पैदा करती हैं, बल्कि बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक मंच प्रदान करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने कहा कि अग्रवाल समाज में प्रथम बार इस प्रकार की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

यह रहे मौजूद

इस मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग, जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, जिला युवा अध्यक्ष चिराग गर्ग, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल काश्मीर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला इकाई नीता गुप्ता, प्रदेश सचिव महिला इकाई रितु बंसल, जिला महिला अध्यक्ष रचना अग्रवाल, जिला महासचिव मधु गोयल, प्रमुख समाजसेवी बद्रीप्रसाद गर्ग, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र बंसल, जिला उपाध्यक्ष तुलसी गोयल, अग्रवाल सभा के मंत्री कृष्ण कंछल व कोषाध्यक्ष प्रवीण बंसल सीए, जिला कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जिला सचिव संजय गोयल, अशोक कंछल, अजय गुप्ता, उमेश मित्तल, प्रदीप संघी, संजय मित्तल, विनोद सिंघल, रामगोपाल गोयल, धर्मेंद्र सिंघल, यश बंसल, उदिक सिंघल, दीपक संघी, दीपक बंसल, सुनीता गोयल, रंजना अग्रवाल, पूनम गोयल, नीरू मित्तल, नीरू गर्ग, संतोष अग्रवाल, रितु गोयल व समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

नांगल दुर्ग में खाते में पैसे डालकर नकदी लेने वाले ने कराई शिकायत, बैंक खाता सील

नांगल चौधरी। नांगल दुर्ग में ऑनलाइन लेन-देन के जरिए ठगी का एक मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति ने आपातकालीन जरूरत बताकर दुकानदार से अपने खाते में ऑनलाइन पैसे जमा करवाए और बदले में नकदी ले ली। बाद में उसी व्यक्ति ने बैंक में शिकायत दर्ज करवा दी कि उससे गलती से दूसरे खाते में भुगतान हो गया है। शिकायत के आधार पर बैंक प्रशासन ने दुकानदार का खाता सील कर दिया। पीड़ित दुकानदार दिनेश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति उसके काउंटर पर पहुंचा और खुद को पैसों की जरूरत बताते हुए खाते में ऑनलाइन भुगतान करने के बदले नकद राशि देने का आग्रह किया। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने तीन अलग-अलग टुकड़ों में कुल 50,500 रुपये खाते में जमा किए। मोबाइल पर भुगतान के मैसेज आने के बाद दुकानदार ने उसे पूरी राशि नकद दे दी। पीड़ित ने बताया कि नकदी लेने के कुछ समय बाद अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज करवा दी कि उससे गलती से रकम गलत खाते में ट्रांसफर हो गई है। शिकायत मिलते ही बैंक की ओर से कार्रवाई करते हुए दुकानदार का खाता सील कर दिया गया। उन्होंने प्रशासन ने शिकायत की गहनता पूर्वक जांच करने की गुहार लगाई है, कहा कि आरोपी के खाते की जांच होने पर ठगी के कई राज उजागर हो सकते हैं।

PUBLIC NOTICE

I, Manisha W/o Vikram R/o Sekhpura, Narnaul Tehsil Narnaul District Mahendergarh Haryana do solemnly affirm and declare that i want to change the name of my minor daughter from Garima to Minakashi for all Purposes.



मंडी अटेली। सिहमा-अटेली सड़क मार्ग पर सागरपुर में टूटा हुआ नाला। फोटो : हरिभूमि

टूटा नाला बना हादसे का खतरा, रात्रि में वाहन चालकों को नहीं दिखता सड़क के बीच का टूटा हिस्सा

सैकड़ों वाहनों का आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

सिहमा-अटेली सड़क मार्ग पर सागरपुर बस स्टैंड के समीप करीब दो माह पहले सड़क के बीच बनाए गए नाले का एक हिस्सा पिछले एक सप्ताह से टूटा हुआ है। नाला टूटने के कारण उसकी चैनल अंदर धंस गई है। इससे सड़क से गुजरने वाले पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे टूटे नाले के कारण हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार रात्रि के समय सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण टूटे नाले का हिस्सा वाहन चालकों को आसानी से दिखाई नहीं देता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक अचानक टूटे हिस्से के सामने पहुंच सकते हैं। जिससे संतुलन बिगड़ने पर हादसा होने का खतरा रहता है। बुजुर्ग ग्रामीण भरपूर चौधरी ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह सायं इसी सड़क पर टहलने जाते हैं। अब तक वह दो बार टूटे हुए नाले में गिर चुके हैं। हालांकि दोनों बार गंभीर चोट लगने से बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि सड़क के बीच नाला होने और आसपास सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से टूटे नाले की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही मरम्मत होने तक मौके पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पर वाहनों की अधिक आवाजाही को देखते हुए नाले की मरम्मत में देरी नहीं की जानी चाहिए। वहीं सरपंच सुबे सिंह ने बताया कि सड़क के ऊपर नाले का निर्माण लोक निर्माण विभाग की ओर से करवाया गया था। शुरुआत में नाले में पाइप डाले गए थे लेकिन पाइपों में सरिया नहीं होने के कारण वह जल्द ही टूट गए। इसके बाद विभाग ने लोहे की चैनल लगाई थी। पिछले करीब 10 दिनों से यह चैनल भी नाले के अंदर धंस गई है। इस समस्या को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री पटल पर शिकायत दर्ज कराई है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

मरम्मत कराई जाएगी

सागरपुर बस स्टैंड के समीप सड़क के बीच नाला टूटने और उसकी चैनल अंदर धंसने की जानकारी उन्हें मिली है। उन्होंने कहा कि जेई को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। नाले के टूटे हिस्से की जल्द मरम्मत कराई जाएगी ताकि राहगीरों एवं वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

-जितेंद्र कुमार, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग

विद्यार्थियों और अभिभावकों ने जल्द बस सेवा बहाल करने की मांग की

20 दिन से स्कूल बस बंद, पांच किमी तक पैदल जाने को मजबूर विद्यार्थी

दनचौली समेत आसपास के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों को परेशानी, पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामापुर



निजामापुर। निजी बस बंद होने के बाद पैदल चलकर स्कूल पहुंचती छात्राएं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्कूल आने-जाने के लिए उपलब्ध कराई जा रही बस सेवा पिछले करीब 20-22 दिनों से बंद है। इसके चलते आसपास के गांवों से आने वाले कई विद्यार्थियों को मजबूरी में पांच किलोमीटर तक पैदल सफर करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों और अभिभावकों का कहना है कि बस सुविधा बंद होने से न केवल आने-जाने में परेशानी हो रही है, बल्कि पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है।

विद्यालय की प्राचार्या बिंदु यादव ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए एक निजी बस मालिक की ओर से किराये पर बस उपलब्ध करवाई गई थी। बाद में बस मालिक ने सेवा जारी रखने से मना कर दिया। इसके बाद विद्यालय प्रशासन ने हरियाणा रोडवेज नारनौल के जीएम को पत्र लिखकर विद्यार्थियों के लिए बस उपलब्ध करवाने का आग्रह किया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। विद्यार्थियों ने बताया कि दनचौली सहित आसपास के करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित गांवों से विद्यार्थी स्कूल आते हैं। बस बंद होने के बाद कई विद्यार्थियों को सुबह पैदल स्कूल पहुंचना पड़ता है और छुट्टी के बाद उतनी ही दूरी पैदल तय कर वापस घर जाना पड़ता है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द बस सेवा बहाल करने की मांग की है।

मामला संज्ञान में नहीं शुक्रवार को होगी कार्रवाई

मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। मैं गुरुवार को वह किसी कार्य से बाहर हूं। शुक्रवार को मामले की जानकारी लेकर विद्यार्थियों को बस सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न रूटों पर छात्र-छात्राओं की सुविधा के अनुसार बसों का समय निर्धारित किया गया है।

-देवदत्त, महाप्रबंधक नारनौल रोडवेज

आरपीएस डिग्री कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी, उमेश बने मिस्टर फ्रेशर और साक्षी मिस फ्रेशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज के प्रयास विभाग द्वारा नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-आगंतुक छात्रों का संस्थान में उत्साहपूर्वक स्वागत करना और उन्हें कैंपस जीवन से जोड़ना था। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास के माध्यम से अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव एवं निदेशक डॉ. महेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन नए अवसरों और संभावनाओं का द्वार खोलता है। उन्होंने छात्रों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का परामर्श दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादियान ने प्रयास विभाग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाती है। मिस्टर फ्रेशर उमेश और मिस फ्रेशर का ताज साक्षी ने जीता। विभाग के अन्य सभी प्राध्यापकों प्रमोद कुमार, बिजेंद्र कुमार, आस्था पंवार, नवीन कुमार, गजेंद्र यादव एवं लिपिक कुलदीप की गरिमामयी उपस्थिति रही।



महेंद्रगढ़। नए बच्चों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जेजेपी उठाएगी किसानों की आवाज: विजय छिलरो

नारनौल। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला 11 अक्टूबर को नांगल चौधरी हलके के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों, किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे रूबरू होंगे। जेजेपी जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि दुष्यंत चौटाला सुबह 10 बजे गहली, 11 बजे टेहला, 12 बजे छिलरो, दोपहर एक बजे धौलेड़ा, दो बजे धौखेरा, तीन बजे अकबरपुर, चार बजे कालबा, पांच बजे बूढ़वाल गांव का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान अपनी फसल बेचने के लिए परेशान है। बाजरे की सरकारी खरीद में अनेक शर्तें लगाकर किसानों को खरीद केंद्रों पर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों की फसल बिना अनावश्यक शर्तों के सुचारू सरकारी खरीद सुनिश्चित करें, ताकि किसान को अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर न भटकना पड़े। हलका प्रधान प्रमोद ताखर और प्रभारी विनोद भील ने कहा कि नांगल चौधरी हलके के कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। दुष्यंत चौटाला के दौरे से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। विजय छिलरो ने कहा कि नांगल चौधरी की धरती से किसान व आम जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

खबर संक्षेप

आरबीएस कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

नांगल चौधरी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के घोषित बीएससी फिजिकल साइंस द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में राव बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज थनवास के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्था की निदेशक सुनीता यादव ने बताया कि परिणाम में मोनिका पुत्री मदन लाल ने 8.33 एसजीपीए प्राप्त कर प्रथम, मोहित पुत्र ओमप्रकाश ने 8.29 एसजीपीए तथा दुर्गेश नंदिनी ने 8.25 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ. प्रदीप यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, बल्कि विषय की गहरी समझ विकसित करना भी संस्थान की प्राथमिकता है। प्राचार्य सुनील सैनी ने कहा कि नियमित मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन से भविष्य में इससे भी बेहतर परिणाम लाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मनमोहन सिंह, हैड सुरेश आदि मौजूद रहे।

शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों ने दिखाई तत्परता

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में वीरवार को नागरिकों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली-पानी तथा पुलिस से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से प्राप्त हुईं।

डीएसपी ऋषिकांत ने संभाला कनीना का कार्यभार

कनीना। उप पुलिस अधीक्षक ऋषिकांत ने वीरवार को अपना पदभार संभाल लिया। उन्होंने कानून व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखने के लिए सिटी पुलिस तथा सदर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, हवालात, मैस और कार्यालय के रिकॉर्ड व लंबित मामलों की फाइलों का अवलोकन कर थाना इंचार्ज से जानकारी ली। उन्होंने थाने में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर थाना इंचार्ज पंकज कुमार, महावीर सिंह, सुखबीर सिंह, अमित कुमार, सुनील कुमार, अरुण कुमार उपस्थित थे।

न्यूज डायरी

सुलेख स्पर्धा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



नांगल चौधरी। जय अम्बे उच्च विद्यालय शहबाजपुर में विद्यार्थियों की सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्राथमिक और माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। विजेता रहे प्रतिभागियों को संस्था के चेयरमैन पारस बंसल ने नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में शिवानी पुत्री राजेश कुमार ने प्रथम, इशिका पुत्री विजेंद्र कुमार ने द्वितीय, प्रिया पुत्री जयराम गुर्जर ने तृतीय स्थान हासिल किया है। प्राथमिक वर्ग में सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में सिमरन, अश्मी, रिद्धि, रोनक, खुशी पुत्री देशराज, खुशी पुत्री राकेश, काजल, सिया, प्रीत, चक्षु और जिया शामिल रहे। माध्यमिक वर्ग में वंदना पुत्री सरजीत ने प्रथम, अंशुल पुत्र बलकिशन द्वितीय, कोमल यादव पुत्री महेंद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सही पोषण मां के स्वास्थ्य की नींव: भारद्वाज



नारनौल। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में ढाणी बाठोठा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गोद भराई रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से भावना भारद्वाज ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म को पारंपरिक रीति रिवाजों के अनुसार संपन्न करवाया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं व गर्भवती माताओं को उत्तम स्वास्थ्य, संतुलित आहार और सही पोषण के प्रति विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान सही पोषण न केवल मां के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है, बल्कि आने वाले शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास की नींव भी रखता है।


सबसे पहला सुख निरोगी काया: शास्त्री



महेंद्रगढ़। शरीर को स्वस्थ व निरोगी रखने के निमित्त शरीर का जानना व भोजन का पहचानना परमावश्यक है। उपरोक्त विचार शिक्षाविद् एवं साहित्यकार प्रताप सिंह शास्त्री ने अपने छात्र जागृति अभियान के अन्तर्गत बीजेआरडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवासा में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। शास्त्री ने कहा कि जहां शरीर के विभिन्न अंगों-प्रत्यंगों की कार्यप्रणाली तथा उनके उपयोग की जानकारी का होना आवश्यक है वहीं भोजन के शुद्ध-अशुद्ध होने, मेल-बेमेल, भक्ष्य-अभक्ष का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है। सबसे पहला सुख निरोगी काया का होना माना गया वहीं जैसा खाए अन्न, वैसा होवे मन। शास्त्री ने आगे कहा कि हमारा पेट शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। शरीर में 90 % बीमारियां पेट के खराब होने से होती है। इसलिए पेट को ठीक रखना बहुत जरूरी है। डायरेक्टर शीला राव, पीआरओ विजेन्द्र यादव, सुरेश सैनी, अमिता यादव, मंजित मालिक, ज्योति यादव, शशांक शर्मा, शर्मिला यादव, सीमा शर्मा, रेखा मित्तल, रश्मि शर्मा, सुरेखा शर्मा, रेणु शर्मा , सरिता आदि अध्यापक उपस्थित थे।

आरपीएस महेंद्रगढ़ के 3500 विद्यार्थियों ने बनाई मानव रंगोली, उकेरा विकसित भारत 2047 का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को नारनौल के आईटीआई मैदान में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए एक ऐतिहासिक आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, उपायुक्त अनुपमा अंजली , जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ किशोर तिवारी के कुशल मार्गदर्शन और विशेष योगदान में आरपीएस महेंद्रगढ़ के बच्चों की द्वारा बनाई गई विशाल मानव रंगोली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की । इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों और गणमान्य व्यक्तियों में मुख्य रूप से एडीसी तरुण कुमार पावरिया, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक, डीईईओ अशोक कुमार, आईएमसी समिति के चेयरमैन सुरेश चौधरी तथा आईटीआई प्रिंसिपल विनोद खनगवाल, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित काफी संख्या में प्रशसनिक अधिकारी, कर्मचारी व आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विद्या भारती स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



नारनौल। विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रथम दिन किड्स ब्लॉक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे बिस्कुट रेस, टेबल रेस, लेमन रेस आदि में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

तोताहेड़ी की बेटी नेहा लोहचब को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



नांगल चौधरी। तोताहेड़ी की बेटी डॉ. नेहा लोहचब को जनरल सर्जरी में द्वितीय स्थान मिला है। जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिल्वर मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने युवाओं मानवता के नैतिक सिद्धांतों से अवगत कराया। चैनसुख तोताहेड़ी ने बताया कि अजीत सिंह ने 2020 के नीट परिणाम में 720 में से 651 अंक हासिल करके बिलासपुर एम्स में दाखिला लिया था। जिसमें एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके इसी संस्थान से उच्च चिकित्सा शिक्षा जारी रखी। जनरल सर्जरी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया। अब नेहा लोहचब पीडियाट्रिक सर्जरी यानी बाल शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में उच्च चिकित्सा शिक्षा हासिल कर रही हैं। उनकी उपलब्धि से गांव की अन्य बेटियों को लक्ष्य निर्धारित करके परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी।

पूर्व सरपंच से 2 लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में गांव का ही विकास गिरफ्तार

नारनौल। थाना अटेली पुलिस ने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी देने और घर में तोड़फोड़ करने के मामले में ताजपुर निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे ताजपुर की बणी से पकड़ा। मामले में अब तक तीन आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है।डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि 12 सितंबर को पूर्व सरपंच इंद्रजीत ने शिकायत दी थी कि सात सितंबर को सत्यवीर ने व्हाट्सऐप कॉल कर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी और रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सत्यवीर, विकास, रामलखन और अन्य साथियों ने फोन व व्हाट्सऐप कॉल कर दबाव बनाया। आरोप है कि रामलखन और सत्यवीर घर पहुंचे और तोड़फोड़ करते हुए दरवाजे, शीशे, फ्रिज, कूलर व खिड़की समेत अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने के दो घंटे में रामलखन व सत्यवीर को गिरफ्तार कर लिया था। उनसे बाइक, दो मोबाइल और दो लोहे की नल्कियां बरामद हुई थीं। अब विकास को गिरफ्तार किया गया है।

पॉलिटेक्निक में छात्र निधि समिति की बैठक में सुविधाओं पर चर्चा



नारनौल। बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र निधि समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल कुमार यादव ने की। इस दौरान समिति के महासचिव विपुल शर्मा सहित संबंधित सदस्य मौजूद रहे। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान छात्र निधि से किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रस्तावित बजट और विद्यार्थियों से जुड़ी सुविधाओं पर चर्चा की गई। समिति ने विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ खेल, फिटनेस, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार यादव ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ बेहतर खेल, फिटनेस, सांस्कृतिक और अन्य सह-पाठ्यक्रम सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि छात्र निधि का उपयोग विद्यार्थियों की जरूरतों और संस्थान की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित एवं पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005

रोष | **नारनौल में इंडिया गठबंधन का विशाल विरोध मार्च**

कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

- विरोध मार्च चितवन वाटिका के सामने से शुरू होकर महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मुख्य चुनाव आयुक्त के विरूद्ध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता व पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ वीरवार एक विशाल विरोध मार्च एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विरोध मार्च शहर में चितवन वाटिका के सामने से शुरू होकर महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक गया। अंबेडकर प्रतिमा के सामने कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में पार्टी की ओर से ऑब्जर्वर के रूप में फिरोजपुर-झिरका से विधायक मामन खान विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक मामन खान ने कहा कि आज देश में वोट चोरी करके लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। यह लड़ाई सिर्फ चुनाव की नहीं, बल्कि वोट बचाने, देश बचाने, संविधान बचाने और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है जिसे हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में हम सड़क से संसद तक लड़ेंगे। जिला अध्यक्ष सत्यवीर यादव ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की पक्षपातपूर्ण भूमिका से आम जनमानस में भारी आक्रोश है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र पर हो रहे इस हमले को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि आज संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के सामने हमने लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया है। चुनाव आयोग को निष्पक्ष रहना होगा। महेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक राव दानसिंह ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी पवित्र संवैधानिक संस्था को आज सत्ता के दबाव में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है और हम सब मिलकर इस लड़ाई को आखिरी दम तक लड़ेंगे। वहीं अटेली की पूर्व विधायक अनीता यादव ने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी के सहारे सत्ता में बने रहना चाहती है। महेंद्रगढ़ की जनता और कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस तानाशाही के खिलाफ एकजुट है। वहीं महिला जिला अध्यक्ष डॉ राजवती ने कहा कि ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेकर रहेंगे।

ये रहे शामिल

इस मौके पूर्व जज राकेश यादव, नारनौल ब्लाक अध्यक्ष मनपाल पटीकरा, अमरसिंह, संजय यादव पटीकरा सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एससी प्रकोष्ठ, किसान कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं सैकड़ों गणमान्य कार्यकर्ता शामिल रहे।